वनरक्षक पद हेतु परीक्षा योजना

शारीरिक दक्षता परीक्षा के परिणाम के आधार पर वनमण्डलवार, वर्गवार प्रावीण्य सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार की जायेगी तथा इस लिंस्ट में से केवल विज्ञापित पदों की संख्या के अधिकतम 15 गुना आवेदकों को लिखित परीक्षा में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जायेगा। एक समान न्यूनतम अंक (Cut off Marks) प्राप्त करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को अगले चरण की लिखित परीक्षा की पात्रता होगी, भले ही संख्या 15 गुना से अधिक हो जाये।

1. **चयन तीन चरणों में होगा–**

   » प्रथम चरण, विभाग द्वारा आयोजित शारीरिक मापदण्ड एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा।

   » द्वितीय चरण, व्यापम द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा

   » तृतीय चरण, विभाग द्वारा आयोजित पैदल चालन

2. **चयन सूची–** उम्मीदवार का चयन व्यापम द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं बोनस अंक में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर गुणानुक्रम एवं प्रवर्गवार किया जाएगा।

3. **व्यापम द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ)**

   प्रश्नों की संख्या – 100

   प्रत्येक प्रश्न हेतु – 01 अंक

   कुल अंक – 100

   समय – 02 घंटे

4. **परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न निम्नानुसार विषयों से होंगे–**

भाग–1 – छत्तीसगढ़ की सामान्य जानकारी	(20 अंक)
भाग–2 – भाषा (हिन्दी, अंग्रेजी एवं छत्तीसगढ़ी)	(20 अंक)
भाग–3 – सामान्य ज्ञान, समसामायिक घटनाक्रम, खेलकूद, देश–विदेश	(30 अंक)
भाग–4 – गणित एवं सामान्य विज्ञान	(30 अंक)

<u>वनरक्षक परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम</u>

भाग 01–

छत्तीसगढ़ की सामान्य जानकारी– छत्तीसगढ़ का इतिहास, भूगोल, राजनैतिक व्यवस्था, अर्थव्यवस्था, शासकीय योजनाएं, पुरस्कार-सम्मान, परम्परायें, लोकगीत-संगीत, महत्वपूर्ण व्यक्तित्व एवं छत्तीसगढ़ से संबंधित समसामायिक घटनाक्रम एवं अन्य महत्वपूर्ण विषय।

भाग 02–

हिन्दी भाषा – स्वर व्यंजन वर्तनी, लिंग, वचनकाल, संज्ञा, सर्वनाम विशेषण, क्रिया, क्रिया विशेषण, कारक, समास, रचना एवं प्रकार, संधि-स्वर, व्यंजन एवं विसर्ग संधि, रस एवं अलंकार, दोहा, छंद सोरठा, व्याकरणिक अशुद्धियां, शब्द रचना, उपसर्ग एवं प्रत्यय, शब्द

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक
(प्रशासन/अराजपत्रित)
छत्तीसगढ़, नवा रायपुर, अटल नगर

प्रकार, तत्सम, तद्भव, देशज, विदेशी पर्यायवाची, विलोमार्थी, अनेकार्थी शब्द, अनेक **शब्दों या** वाक्यांश के लिए एक शब्द मुहावरे व लोकोक्तियां।

अंग्रेजी भाषा – Number, Gender, Articles, Pronoun, Adjectives, Verb, Adverb, Use of some important conjunction, Use of some important preposition, Active/Passive voice, Direct/Indirect narration, Synonyms/Antonyms, One word substitution, Spelling, Proverb idioms and Phrases.

छत्तीसगढ़ी भाषा – छत्तीसगढ़ी भाषा के ज्ञान, छत्तीसगढ़ भाषा के विकास अउ इतिहास, छत्तीसगढ़ी भाषा के साहित्य एवं प्रमुख साहित्यकार, छत्तीसगढ़ी के व्याकरण, हिन्दी ले छत्तीसगढ़ी अउ छत्तीसगढ़ी ले हिन्दी प्रशासनिक शब्दकोश।

भाग 03–

सामान्य ज्ञान – भारतीय राजनैतिक व्यवस्था एवं संविधान- मुख्य संवैधानिक प्रावधान, मौलिक कर्तव्य एवं अधिकार, सूचना का अधिकार, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय प्रतीक, राष्ट्रीय व्यक्तित्व, लोकतंत्र एवं चुनाव लोकसभा, राज्यसभा, भारतीय इतिहास एवं राष्ट्रीय आंदोलन- भारतीय सभ्यता एवं सांस्कृतिक, ऐतिहासिक घटनाएं (छत्तीसगढ़ बोर्ड के कक्षा 10वीं तक के पाठ्यक्रम स्तर तक), भारतीय स्वतंत्रता का इतिहास 1857 से 1947 तथा 1947 के बाद का घटनाक्रम, भूगोल – छत्तीसगढ़ बोर्ड के कक्षा 10वीं तक के स्तर का सामान्य भूगोल, भारत एवं विश्व का भूगोल, भारतीय अर्थव्यवस्था- सामाजिक एवं आर्थिक विकास, जनसंख्या परिप्रेक्ष्य सकल राष्ट्रीय उत्पादन और प्रति व्यक्ति आय, पंचवर्षीय योजनाएं, कृषि व ग्रामीण विकास, औद्योगिक विकास, भारतीय अर्थव्यवस्था, बैंक प्रणाली, वर्तमान आर्थिक घटनाक्रम (छत्तीसगढ़ बोर्ड के कक्षा 10वीं तक के पाठ्यक्रम स्तर तक)

समसामयिक घटनाक्रम खेलकूद, देश विदेश – राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय जानकारियां, घटनाएं, खेल व साहित्य

भाग 04–

गणित – प्राकृतिक/पूर्ण/पूर्णांक/परिमेय/अपरिमेय/वास्तविक संख्याओं पर आधारित संक्रियायें, संख्याओं का वर्ग, धन, गुणनखण्ड, वर्गमूल, धनमूल, एवं घातांक नियम, महत्तम समापवर्त्य और लघुत्तम समापवर्त्य, भिन्न संख्या/उनकी संक्रिया, औसत, चाल, समय, दूरी, बीजगणित, बीजगणित के मूलभूत नियम/संक्रियाएं, एक चर एवं दो चर वाले रैखिक/युगपत समीकरण, औसत चयल, समय, दूरी, अनुपात-समानुपात, प्रतिशत, क्रय/विक्रय मूल्य, लाभ/हानि, साधारण एवं चक्रवृद्धि ब्याज, रेखा एवं कोण, त्रिभुज, चतुर्भुज तथा वृत्त, गोला, बेलन, शंकु, घन, घनाभ।

सामान्य विज्ञान– छत्तीसगढ़ बोर्ड के कक्षा 10वीं तक के स्तर तक भौतिकी, रसायन शास्त्र एवं जीव तथा वनस्पति विज्ञान से संबंधित मूलभूत जानकारी।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक
(प्रशासन/अराजपत्रित)
छत्तीसगढ़, नवा रायपुर, अटल नगर